क्यू-14021/1/2016-सांख्यिकी

भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

सांख्यिकी प्रकोष्ठ

****

12 वां तल, पर्यावरण भवन
सी.जी.ओ परिसर, लोधी रोड
नई दिल्ली- 110003
दिनांक : 20 सितम्बर, 2016

सेवा में,

प्रधान सचिव/सचिव,
सभी राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति प्रभारी

विषय:- राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (NRDWP) के अंतर्गत सभी चालू स्कीमों के SLSSC दिनांक एवं कार्य आवेश से सम्बंधित जानकारी मंत्रालय के IMIS में अद्यतन करने सम्बंधित.

महोदया/ महोदय,

राज्य / संघ शासित क्षेत्रों द्वारा देश के ग्रामीण घरो में स्वच्छ, सतत और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराने के प्रयासों को इस मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (NRDWP) के माध्यम से तकनीकी एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराया जाता है. उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने और प्रक्रिया को और बढ़ावा देने के लिए, योजनाओं के क्रियान्वयन की समुचित मॉनीटरिंग किया जाना आवश्यक है.

2. उक्त परिस्थिति के अनुसार, सभी चालू स्कीमों के SLSSC दिनांक एवं कार्य आवेश से सम्बंधित जानकारी को संग्रहण करने का मंत्रालय में निर्णय हुआ है. इस उद्देश्य से, मंत्रालय के IMIS में निम्न फोर्मेट बनाए गए है जो राज्यों / संघ शासित क्षेत्रो के लिए उपलब्ध है :

(क) डाटा इंट्री ⟶ मासिक⟶ मासिक प्रगति रिपोर्ट

(ख) डाटा इंट्री ⟶ रेगुलर ⟶ योजनाओं के भौतिक प्रगति सूचकांक

3. अतैव आपसे अनुरोध है, आपके राज्य से सम्बंधित जानकारी IMIS फोर्मेट में जैसा की उपर प्रदर्शित है, दिनांक 30.09.2016 तक प्रविष्टि होना सुनिश्चित करें. साथ ही निवदेन है की आपके विभाग द्वारा इस गतिविधि को यथा उचित वरीयता प्रदान किया जाए.

4. इस कार्य में किसी प्रकार की सहायता के लिए मंत्रालय के NIC डिविजन से दूरभाष क्रमांक 011-24362610 पर संपर्क किया जा सकता है.

भवदीय,

संध्या सिंह
निदेशक (एम एंड ई / सांख्यिकी / आई ई सी)

प्रति:

1. सभी राज्यों / संघ शासित क्षेत्रो के के पेयजल प्रभारी मुख्य अभियंता / अभियंता,
2. सभी राज्यों के IMIS समन्वयक ई मेल के माध्यम से,
3. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक (NIC) – वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए.